SUMMATIVE ASSESSMENT - I - 2016 - 2017

Second Language - HINDI

PART - A & B

Class : IX **Max. Marks : 80** **Time : 2.45 Mts.**

सूचना : प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है ।
भाग 'A' के प्रश्नों के उत्तर, उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।
भाग 'A' के लिए दो (2) घंटे का समय निर्धारित है ।

Marks : 60 **PART – A**

प्रत्येक प्रश्न का उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।
प्रत्येक उपभाग [1, 2, 3, 4] के लिए पाँच अंक निर्धारित हैं ।

I. 1. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ।

एक राजा था । वह बहुत ही सुंदर महल में रहता था । उसे अपने महल पर बहुत गर्व था । संसार के कोने - कोने से यात्री महल देखने आते थे । यात्रियों ने अपने यात्रा वर्णन में महल की सुंदरता के बारे में कई बातें लिखीं । उन्होंने एक गाने वाली चिडिया के बारे में लिखा था । यह चिडिया महल के पास वाले जंगल में रहती थी और बहुत मधुर स्वर में गाती थी ।

प्रश्न : **5 x 1 = 5**

1. राजा कहाँ रहता था ?
2. राजा को किस पर गर्व था ?
3. यात्री कहाँ से आते थे ?
4. यात्रा वर्णन में किस के बारे में वर्णन था ?
5. यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

2. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये विकल्पों से प्रश्नों के उत्तर चुनिए ।

एक राजा था । उस के यहाँ एक मंत्री था । मंत्री बूढ़ा था । वह बड़ा अनुभवी और बुद्धिमान था । राजा उसका बड़ा आदर करता था ।

पर सभी दरबारी बूढ़े मंत्री से जलते थे । वे किसी न किसी तरह उसे पद से हटाना चाहते थे । उन्होंने रानी से कहा - "राजा हर काम उस बूढ़े मंत्री की सलाह लेकर करते हैं । इस से राजा की इज्जत कम हो जाती है । आप अपने भाई को मंत्री बनाइये । बूढ़े का गौरव अपने आप कम हो जाएगा" ।

[Turn Over...

प्रश्न : 5 x 1 = 5

1. मंत्री कैसा था ? [ ]

A) बच्चा B) बूढ़ी C) बूढ़ा D) युवक

2. राजा किसका आदर करता था ? [ ]

A) मंत्री का B) प्रजा का C) सेना का D) रानी का

3. मंत्री से कौन जलते थे ? [ ]

A) सेना B) दरबारी C) राजा D) रानी

4. बूढ़े मंत्री के कारण राजा को किस की कमी हो गयी ? [ ]

A) दर्जा की B) इज्जत की C) अहंकार की D) मान की

5. दरबारियों ने रानी को किसे मंत्री बनाने के लिए कहा ? [ ]

A) लड़के को B) मामा को C) भाई को D) पिता को

3. निम्न लिखित कविता पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए । 5 x 1 = 5

मिलजुल के रहो और प्यार करो,
एक चीज़ यही तो रहती है ।
हम उस देश के वासी हैं,
जिस देश में गंगा बहती है ।।
जो जिस से मिला सीखा हमने
गैरों को भी अपनाया हमने
मतलब केलिए अंधे होकर,
सेटी को नहीं पूजा हमने ।

प्रश्न :

1. भारतीय कैसे रहते हैं ?
2. भारतीय किस से सीखते हैं ?
3. वे किसे अपनाते हैं ?
4. "मतलब केलिए अंधा होना" मुहावरे का अर्थ लिखिए ।
5. इस गीत के गीतकार कौन हैं ?

4. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनकर कोष्टक में लिखिए । 5 x 1 = 5

नन्हा मुन्ना राही हूँ, देश का सिपाही हूँ
बोलो मेरे संग जयहिंद, जयहिंद, जयहिंद, जयहिंद, जयहिंद ।।
रास्ते पे चलूँगा न डर - डर के
चाहे मुझे जीना पड़े मर - मर के,

[Contd...3

मंजिल से पहले न लूँगा कही दम,
आगे ही आगे बढ़ाऊँगा कदम,
दाहिने बायें दाहिने बायें थम !

प्रश्न :

1. डर - डर के वह कहाँ नहीं चलेगा ? [ ]
   A) जंगल पे B) रास्ते पे C) सडक पे D) गाँव पे
2. वह कब तक दम नहीं लेगा ? [ ]
   A) खाने से पहले B) पीने से पहले
   C) सोने से पहले D) मंजिल से पहले
3. वह क्या आगे बढ़ायेगा ? [ ]
   A) सोच B) कदम C) कल्पना D) कहानी
4. जीना शब्द का विलोम शब्द क्या है ? [ ]
   A) मरना B) नहाना C) हारना D) चलना
5. इस कविता में मैं कौन है ? [ ]
   A) डाक्टर B) अध्यापक
   C) देश का सिपाही D) किसान

II. निम्न प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए । 6 X 3 = 18

5. भारतीय किसको महत्व देते हैं ?
6. उठ - उठ गिरनेवाले तरंग हमें क्या प्रबोध देते हैं ?
7. राजा ने चिडिया केलिए क्या - क्या किया ?
8. नेतृत्व भावना खेलों से बढ़ती है कैसे ?
9. ईशान अवस्थी के बारे में लिखिए ।
10. बच्चों के प्रति निकुंभ सर के विचार कैसे हैं ?

III. किसी एक प्रश्न का उत्तर छः या आठ वाक्यों में दीजिए । 1 X 6 = 6

11. गीतकार शैलेंद्र ने दुनिया के सामने भारतीयों के वारे में क्या बताया ?
12. प्रकृति के कण - कण में संदेश छिपा हुआ है । अपने शब्दों में लिखिए !

IV. किसी एक प्रश्न का उत्तर छः या आठ पंक्तियों में लिखिए । 1 X 6 = 6

13. प्रकृति संरक्षण में सब को जिम्मेदारी निभाना पड़ता है । युगरत्ना श्रीवास्तव ने इस का समर्थन कैसे किया ?

14. खेल बच्चों के जीवन का अनोखा अंग है । इस विषय पर अपना राय बताइए ।

V. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए । 1 X 5 = 5

15. बीमार मामी को देखने जाने केलिए तीन दिन की छुट्टी माँगते हुए प्रधानाध्यापक के नाम पर पत्र लिखिए ।

16. परीक्षोपयोगी पुस्तकों को खरीदने हेतु (200/-) दो सौ रूपए माँगते हुए माता जी के नाम पत्र लिखिए ।

VI. किसी एक विषय पर निबंध लिखिए । 5

17. किसी महान नेता के बारे में अपने शब्दों में लिखिए ।

18. कोई एक राष्ट्रीय त्योहार के बारे में निबंध लिखिए ।